## एक नजर में

### शुद्ध मतदाता सूची से ही सशक्त होगा लोकतंत्र

**नवभारत न्यूज, सुठालिया 08 नवंबर, सं.** भाजपा की ओर से गुरुवार को सुठालिया एवं गिन्दौरहाट मंडल में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नारायण सिंह पंवार ने कहा कि भाजपा ने एसआईआर प्रक्रिया में सहयोग हेतु बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त किए हैं तथा प्रत्येक बूथ पर जिला प्रवासी भी तैनात किए गए हैं. उन्होंने कहा कि जब नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग निष्ठा और राष्ट्रहित की भावना से करता है, तभी लोकतंत्र मजबूत बनता है. कार्यशाला का समापन वंदे मातरम् के गायन के साथ हुआ. कार्यशाला में कार्यक्रम संयोजक नारायण सिंह सालरियाखेड़ी, मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह चौहान, बलवान सिंह, अशोक अग्रवाल, रामनारायण दांगी, इंदर सिंह लववंशी, पद्म सिंह लोधी सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

### खिलचीपुर में बाल विवाह उन्मूलन पर कार्यशाला आयोजित

**राजगढ़ 07 नवंबर, का.** जनपद पंचायत खिलचीपुर में बाल विवाह उन्मूलन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. जिसमें बाल विवाह रोकथाम से जुड़े प्रशासनिक अधिकारियों, पंचायत सचिवों, पटवारियों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को जागरूक किया गया. इस दौरान अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी सुश्री अंकिता जैन ने कहा कि पंचायत सचिव, पटवारी और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाएं और समय पर बाल विवाह की सूचना दें, ताकि किसी भी बच्चे का भविष्य प्रभावित न हो और समय रहते विवाह रोका जा सके. उन्होंने कहा कि यदि हम सब मिलकर इस कुप्रथा को समाप्त करने का प्रयास करेंगे, तो निश्चित ही सफलता मिलेगी. समय पर सूचना देने से न केवल बाल विवाह रुकेगा, बल्कि आप सभी को किसी प्रकार की प्रशासनिक समस्या का सामना भी नहीं करना पड़ेगा. उन्होंने बताया कि अब तक सचिवों के माध्यम से बहुत कम जानकारी प्राप्त होती है, इसलिए आगे से प्रत्येक स्तर पर सूचनाएं समय पर दी जानी चाहिए. उन्होंने बाल विवाह को बच्चों की शिक्षा, विकास और मानसिक प्रगति में सबसे बड़ी बाधा बताते हुए कहा कि यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम हर बाल विवाह को रोककर बच्चों को सुरक्षित बचपन दें.

कार्यशाला में वन स्टॉप सेंटर की प्रशासिका श्रीमती रश्मि चौहान ने बाल विवाह के दुष्परिणामों एवं इससे संबंधित कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया कि अब तक इस दिशा में क्या प्रयास किए गए हैं और भविष्य में इस कुप्रथा को समाप्त करने के लिए क्या कदम आवश्यक हैं. उन्होंने कहा कि बाल विवाह मुक्त राजगढ़ अभियान तभी सफल होगा जब हम सबकी साझी भागीदारी होगी. उन्होंमने जानकारी दी कि राजगढ़ जिले में बाल विवाह नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) वन स्टॉप सेंटर कार्यालय में 24म7 सक्रिय है, जिसका नंबर है - 07372-254360. इसके अतिरिक्त 181, 1098 और 112 नंबरों पर भी बाल विवाह की सूचना दी जा सकती है. बाल विवाह के सामाजिक, मानसिक और शैक्षणिक दुष्परिणाम- बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के अंतर्गत लड़कों की न्यूनतम विवाह आयु 21 वर्ष एवं लड़कियों की 18 वर्ष निर्धारित की गई है.

# फॉर्म-7 क्लियर होने के बाद ही जुड़ेगा बहुओं का नाम

## एसआईआर: 2003 के बाद जिले में आने वाली महिला मतदाताओं के नाम की जांच करना चुनौती होगी बीएलओ के लिए

**एसआईआर-2003 के बाद जिले में आकर रहने वाली विवाहिताओं के नाम मायके में भी खोजने होंगे**

**यदि नाम वहां दर्ज होंगे तो फॉर्म 7 की कार्यवाही के बाद ही नाम स्थानांतरित हो पाएंगे**

**मायके की खाक भी छानना पड़ेगी बीएलओ को**

**विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अंतर्गत घर-घर मतदाता सत्यापन अभियान प्रारंभ**

### 9 दिसम्बर के होगा प्रारूप सूची प्रकाशन



घर-घर सत्यापन के बाद 09 दिसम्बर, 2025 को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी. नागरिक 09 दिसम्बर, 2025 से 08 जनवरी, 2026 तक अपने नाम संबंधी दावा या आपत्ति दर्ज करा सकते हैं. अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 07 फरवरी, 2026 को किया जाएगा. यह ध्यान देने योग्य है कि घर-घर सर्वेक्षण के दौरान बीएलओ कोई भी दस्तावेज़ एकत्र नहीं करेगा. दस्तावेज केवल तभी आवश्यक होंगे जब किसी प्रविष्टि का सत्यापन पूर्ववर्ती रिकॉर्ड से मेल न खाए. ऐसी स्थिति में संबंधित निर्वाचन रजिस्ट्री अधिकारी अलग से सूचना देकर आवश्यक दस्तावेज माँगेगा. बीएलओ आयोग द्वारा अधिकृत पहचान-पत्र लेकर आएँगे, अत: नागरिक उनसे पहचान-पत्र देखकर जानकारी साझा करें.

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 07 नवम्बर, का. निर्वाचन आयोग भारत सरकार द्वारा म.प्र. में विशेष गहन पुनरीक्षण (एस आई आर) की प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है. अभियान अंतर्गत 04 नवम्बर, 2025 से 04 दिसम्बर, 2025 तक सभी विधानसभा क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन किया जाएगा. इस अवधि में प्रत्येक बूथ लेवल अधिकारी (बी एल ओ) मतदाताओं के निवास पर जाकर उनके नाम, पता, आयु एवं अन्य विवरणों का भौतिक सत्यापन करेंग है.**

इसमें बीएलओ के सामने सबसे बड़ी चुनौती 2003 के बाद जिले में आई बहुओं के नाम क्रॉस चैक करने की होगी. हो सकता है उन्हें मायके की खाक भी छानना पड़े. यदि उनके नाम मायके में भी दर्ज होंगे तो फॉर्म-7 की औपचारिकता के बाद ही जिले की मतदाता सूची में नाम स्थानांतरित हो पाएगा.

हालांकि इस प्रकार के मामले ज्यादा नहीं होंगे लेकिन यदि 5 प्रतिशत मामले भी इस प्रकार के आते हैं तो समय काफी व्यय होगा. 4 नवंबर से घर-घर सर्वे शुरू हो चुका है और पहला चरण 4 दिसम्बर यानी 17 दिन बाद समाप्त हो जाएगा. ऐसे में बीएलओ को अभी मैदानी स्तर पर अपनी सक्रियता बढ़ानी होगी.

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ गिरीश कुमार मिश्र ने मतदाताओं से अपील की है कि जब बीएलओ आपके घर आएँ, तो कृपया उन्हें आवश्यक सहयोग प्रदान करे. बीएलओ के पास पहले से मतदाता सूची 2025 के विवरण के अनुसार आपके नाम, पता और नंबर सहित प्री-प्रिंटेड एन्यूमरेशन फॉर्म होगा. नागरिकों से अपेक्षा की जाती है कि वे इस फॉर्म में भरी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक जाँच तथा पुष्टि करें.

जिन परिवारों में कोई नया सदस्य 1 जनवरी, 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका है. उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए बीएलओ द्वारा फॉर्म-6 उपलब्ध कराया जाएगा. यदि किसी परिवार सदस्य का निधन हो गया हो या वह अन्यत्र स्थानांतरित हो गया हो, तो उसकी जानकारी भी बीएलओ को दें ताकि सूची से नाम विलोपित किया जा सके. बीएलआ घर-घर पहुंच रहे है और सत्यापन शुरू हो चुके है.

### मायके और ससुराल में राहत लिंक से डाउनलोड होगी 2003 की लिस्ट

सर्वे के दौरान निर्वाचन विभाग समय समय पर अधिसूचना लोगों तक प्रसारित कर रहा है. इसके मुताबिक यदि महिला की उम्र 42 अथवा उससे कम है तो उन्हें 2002 वाला अपने माता और पिता का रिकॉर्ड मंगवाना होगा. किसी अन्य तरह का कागज मान्य नहीं होगा. साथ ही महिलाओं को अपने मायके के बीएलओ के माध्यम से मतदाता नामावली जिसमें माता पिता का नाम हो वह मंगवानी होगी. हालांकि विभाग ने एक लिंक जारी की है जिससे लिस्ट डाउनलोड की जा सकती है. इससे कहीं पर भी फोन लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी. पूरे प्रदेश की 2003 की सूची इससे निकल जाएगी. इसे अपने मायके और ससुराल के बीएलओ को दे सकते है.

### मतदाता पुनरीक्षण को लेकर कार्यशाला

**सारंगपुर 08 नवम्बर, सं.** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 (स्छ्र) अभियान को लेकर अति आवश्यक कार्यशाला आयोजित की गई. जिसमें मंडल में निवासरत जिला पदाधिकारी, मंडल कार्यकारिणी सहित प्रत्येक मतदान केंद्र के बूथ अध्यक्ष, बूथमंत्री एवं बीएलओ मन की बात प्रभारी एवं समस्त भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारीगण की उपस्थिती मे भाजपा मंडल सारंगपुर की भाजपा कार्यालय मे मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 एसआईआर अभियान को लेकर अति आवश्यक कार्यशाला सम्पन्न हुई. कार्यशाला में राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने मार्गदर्शन दिया. अभियान के जिला संयोजक निर्मल जैन ने मतदाता सूची में नाम जोडने एवं हटाने के बारे में विस्तार से बताया. मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद,नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, अभियान के विधानसभा प्रभारी मनीष सक्सेना पचोर, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती भावनानिलेश वर्मा सुधीर श्रीमाल पाडल्या, मंडल अध्यक्ष गिरवर भंडारी, पडाना के मंडल अध्यक्ष सेखर शर्मा, विष्णु पाटीदार मंडल महामंत्री कमल राठौर मंडल उपाध्यक्ष राजेंद्र सर्वावत दिनेश शर्मा विनोद लववंशी सतीश गिरजे रमेशचंद्र लववंशी रेनूका वंशकार रमेश कंपू श्याम सोलंकी पार्षद सूनिल बागवान अमित गिरजे भानुसिंह लववंशी सतीश गिरजे सतोष कुंभकार संतोष धनगर विक्रम अहिरवार आदि मौजूद रहे.

# भविष्य की दिशा तय करने के लिए आत्मविश्वास पहला कदम

## करियर काउंसलरों ने बच्चों को दिए टिप्स



नवभारत न्यूज

**जीरापुर 08 नवम्बर, सं.** एडवांस्ड किड्स एकेडमी में कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के भविष्य एवं उचित मार्गदर्शन हेतु प्रेरणादायक करियर काउंसलिंग सेमिनार आयोजित किया गया. कार्यक्रम में मुख्य काउंसलर गुंजन चंद्रायन एवं आस्था चंद्रायन ने विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों, सफलता के लिए आवश्यक कोशल के बारे में विस्तृत जानकारी दी. शुरुआत में विद्यालय प्राचार्य ई. के. जोशी ने अतिथि वक्ताओं का स्वागत किया और कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ अपने भविष्य की दिशा तय करने में सहायक सिद्ध होते हैं.संचालन शिक्षिका रूपाली धाकरे ने किया. इस मौके पर गुंजन चंद्रायन, शुभम छापरवाल भी मौजूद रहे.

### सुरेश दांगी का एसएससी, सीजीएल में चयन

**जीरापुर 08 नवम्बर, सं.** माँ सरस्वती एकेडमी के पूर्व छात्र सुरेश दांगी पिता चंपालाल दांगी का एसएससी, सीजीएल भर्ती परीक्षा में सब इंस्पेक्टर के रूप में चयन हुआ. इस अवसर पर छात्र सुरेश दांगी का संस्था की ओर से प्राचार्य सुरेश सुमन ने स्वागत सम्मान कर स्मृति चिन्ह प्रदान किया. तथा स्टाफ परिवार ने चयन पर उज्वल भविष्य की कामना की. सुरेश दांगी ने कहा कि संस्था से मिली उत्कृष्ट शिक्षा और उचित मार्गदर्शन की वजह से में यहां पहुंचा. देशहित में देशभक्त के रूप में कर्मठता और ईमानदारी से कार्य करने का संकल्प व्यक्त लिया.




### शुद्ध मतदाता सूची से ही सशक्त होगा लोकतंत्र

नवभारत न्यूज, सुठालिया 08 नवंबर, सं. भाजपा की ओर से गुरुवार को सुठालिया एवं गिन्दौरहाट मंडल में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नारायण सिंह पंवार ने कहा कि भाजपा ने एसआईआर प्रक्रिया में सहयोग हेतु बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त किए हैं तथा प्रत्येक बूथ पर जिला प्रवासी भी तैनात किए गए हैं. उन्होंने कहा कि जब नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग निष्ठा और राष्ट्रहित की भावना से करता है, तभी लोकतंत्र मजबूत बनता है.


# कल्पोनी का आरोप: अधिक दामों पर बेच रहे खाद

## पूर्व विधायक ने कहा कार्रवाई नहीं होती है तो न्यायालय की शरण लेंगे



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 08 नवम्बर, का. जिले में खाद की कालाबाजारी हो रही है, किसानों को काफी दाम देकर खाद लेना पड़ रहा है. शासन प्रशासन इसको गंभीरता से नहीं ले रहा है.**

उक्त बात राजगढ़ के पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी ने कहते हुए कहा है कि यदि खाद की कालाबाजारी को रोकने शासन प्रशासन कोई ठोस कार्यवाई नहीं करता है तो मजबूरन उन्हें न्यायालय की शरण लेना पड़ेगी. पूर्व विधायक श्री कल्पोनी कहा कि ग्राम नाईपुरिया के कुछ ग्रामीणों ने प्रायवेट दुकान से खाद खरीदी जिनको 700 की जगह 1450 रुपये में खाद दिया गया.उन्होंने कहा कि उनके द्वारा विभाग के अधिकारियों को इसकी जानकारी देते हुए खाद के सेम्पल भी जांच के लिए दिए गये है.

उन्होंने कहा है कि वह भी अपने स्तर पर खाद के सेम्पल की जांच किसी लैब में करवाएंगे. पूर्व विधायक ने कहा है कि किसान खाद के लिए परेशान हो रहे है, उनको कहीं अधिक दामों पर खाद लेना पड़ रही है. आश्चर्य की बात यह है कि इस गंभीर समस्या की और ध्यान नहीं दिया जा रहा है.

# 150वें वर्ष में गाया सामूहिक वंदे मातरम



नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 08 नवम्बर, सं.** राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर शुक्रवार को सरस्वती ज्ञान मंदिर हाई स्कूल देशभक्ति के रंग में सराबोर हो गया, संस्थान सहित अन्य कार्यालयों में प्रात: 10 बजे एक साथ राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन किया गया. इस अवसर पर सरस्वती ज्ञान मन्दिर हाई स्कूल में भी स्कूल की छात्राओं निहारिका भिलाला अंजली धनगर खुशी जैन एवं स्कूल के स्टाफ मांगीलाल विश्वकर्मा राधेश्याम लववंशी प्रतीक्षा नेमा प्रिया पुष्पद आयुषी पुष्पाद निशा भिलाला दीपिका पचलानिया प्रदीप यादव पायल पुष्पद के साथ राष्ट्रगीत गाया. इस अवसर पर प्रधानाचार्य रामविलास यादव ने राष्ट्र के प्रति समर्पण एवं एकता का संकल्प दोहराया. विद्यार्थियों एवं अध्यापकों ने वंदे मातरम् का गायन किया.

कार्यक्रम के बाद स्कूल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण दिखाया गया. इस दौरान छात्रों, शिक्षकों, अधिकारियों और नागरिकों ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि वे सदैव राष्ट्रहित में कार्य करते हुए वंदे मातरम् की भावना को अपने जीवन में आत्मसात करेंगे.



# बिना समाज के सहयोग के यौन अपराध रोकना असंभव

## महिला एवं बालिकाओं पर हो रहे यौन अपराधों की रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 08 नवंबर, का. पुलिस मुख्यालय, भोपाल के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी भापुसे के मार्गदर्शन में होटल संस्कृति पैलेस, जिला राजगढ़ में महिला एवं बच्चियों पर होने वाले यौन अपराधों को रोकथाम के विषय पर जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

इस कार्यक्रम में जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे, जिला अभियोजन अधिकारी आलोक श्रीवास्तव, महिला सुरक्षा शाखा प्रभारी अरविंद सिंह राठौर, जिला कार्यक्रम अधिकारी (महिला एवं बाल विकास) श्यामबाबू खरे, बाल कल्याण अध्यक्ष साकेत शर्मा युवा विकास मण्डल संस्था के संस्था प्रमुख राजेन्द्र मेवाड़े, प्रोग्राम मैनेजमेंट सुश्री प्रिया चाढंक एवं संस्था की टीम व महिला थाना प्रभारी एवं थाना प्रभारी राजगढ़, खिलचीपुर, जीरापुर, माचलपुर, भोजपुर, छापीहेड़ा, कालीपीठ थाना प्रभारी एवं समस्त महिला उर्जा डेस्क प्रभारी, बाल कल्याण अधिकारी, व प्रभारी सायबर सेल जिला राजगढ़ उपस्थित रहे.

**कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य**

महिला एवं बालिकाओं के विरुद्ध होने वाले यौन अपराधों की रोकथाम के लिये पुलिस विभाग एवं युवा मण्डल के सहयोग से होने वाले अपराधो को रोकने में जिस प्रकार योगदान एवं सहयोग किया जाये एवं ऐसे अपराधों की पहचान, रिपोर्टिंग व त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया पर विचार एवं पीडित को न्याय दिलाने हेतु कानूनी संरक्षण एवं मानसिक-सामाजिक परामर्श की सुविधा की जानकारी सोशल मीडिया इंटरनेट मोबाइल के माध्यम से होने वाले आनलाइन यौन अपराध रोकना व समाज की संयुक्त भूमिका सुनिश्चित करना है.

अधिकारियों द्वारा यह संदेश दिया गया कि यौन अपराध एक गंभीर सामाजिक अपराध है, और इसकी रोकथाम केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं बल्कि समाज के प्रत्येक परिवार, संस्था, विद्यालय एवं नागरिक की साझी जिम्मेदारी है.

कोई भी व्यक्ति यदि इस प्रकार की घटना, जानकारी या संदेह देखता जानता है तो तत्काल डायल-112 अथवा निकटतम थाना महिला हेल्पलाइन नंबरो पर सूचना दे.

**समस्या** ▶ जमीन से टिके ट्रांसफार्मर के डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स खुले हुए, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रो में ऐसे हालात

# बाजार, आबादी क्षेत्र में खतरा बने खराब और जर्जर विद्युत उपकरण




नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 07 नवंबर, का.** नगर में अनेक स्थानों पर विद्युत उपरकण अव्यवस्थित होकर दुर्घटना को आमंत्रण देते हुए देखे जा सकते है. कहीं पोल झुक रहे है तो कहीं तार झूल रहे है. तो कहीं पर ट्रांसफार्मर के डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स जमीन से टिके हुए होकर खुले होने से दुर्घटना का डर बना रहता है.

गौरतलब है कि नगर में कई स्थानों पर मौजूद विद्युत पोल, तार काफी पुराने होकर जर्जर अवस्था में होने से खतरा बना रहता है. आये दिन फाल्ट होते है. अधिक लोड के कारण ट्रांसफार्मर में फाल्ट हो रहे है.

**खुले हुए डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स** - अनेक स्थानों पर ट्रांसफार्मर के नीचे की ओर मौजूद डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स जमीन से टिके हुए दिखाई देते है. यही नहीं बॉक्स के खुला होने से हर समय डर बना रहता है. भीड़भाड़ वाले कुछ स्थानों पर ओपन बॉक्स इतने अधिक नीचे है कि अनजाने में कोई इनके सम्पर्क में आ सकता है. साथ ही जानवर के भी इनके सम्पर्क में आने का खतरा बना रहता है. नपा कॉम्पलेक्स में सुविधा घर के समीप ट्रांसफार्मर का डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स ओपन अवस्था में है. अन्य स्थानों पर भी इस तरह के हालात देखे जा सकते है.

### आये दिन हो रहे फाल्ट



विद्युत केबल में फाल्ट होकर सुलगने के मामले सामने आ रहे है. कई जगह केबल पुरानी होने से लोड नहीं उठा पाती है और फाल्ट होकर सुलग जाती है. कुछ जगह तो ऐसी है जहां आये दिन केबल सुलगने की घटना हो रही है.

**जर्जर पोल में लग रही जंग**

इसी प्रकार कई जगह पर विद्युत पोल काफी जीर्णशीर्ण अवस्था में होकर इनमें जंग लग चुकी है. अनेक स्थानों पर पोल काफी झुके हुए है. जिसके कारण तेज आंधी, बारिश में दुर्घटना का डर लगा रहता है. शहीद कॉलोनी, जूना ब्यावरा, सुठालिया बायपास सहित कई जगह पर विद्युत पोल जर्जर अवस्था में है.

**सुरक्षित किए जाएंगे उपकरण**

विद्युत वितरण कंपनी के अनुसर जहां पर भी ट्रांसफार्मर के डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स ओपन है उनको कवर्ड किया जाएगा.